प्रतिवेदन

कार्यक्रम – राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

आयोजक – क्रीड़ा विभाग

दिनांक – 07–08/02/2019

महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया के छात्र–छात्राओं सहित पूरे रायगढ़ सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों से 19 खिलाड़ियों ने 07–08 फरवरी को महासमुन्द में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। खरसिया के क्रीड़ाधिकारी डॉ0 आर के टण्डन के कुशल मार्गदर्शन व दल प्रबंधन में सम्मिलित खिलाड़ियों ने 06 पदक प्राप्त किए। बसंती राठिया ने लम्बी कूद में स्वर्ण पदक, रूपेश्वर साहू ने तवा फेंक में रजत पदक, चुनेश्वरी जांगड़े ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, दुर्योधन यादव ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक और कुश जाटवर ने लम्बी कूद तथा तवा फेंक दोनों में कांस्य पदक लाकर जिले का मान बढ़ाया है। अन्य सम्मिलित खिलाड़ियों– रोहित बखला, उपेन्द्र आजाद, देवनारायण साहू, अनिल सिदार, त्रिनाथ टण्डन, मुकेश सिदार, पीयूष दर्शन, बेवी मरावी, सरिता सिदार, केवंती पैंकरा, मुक्तामुखी चौहान, विभूति बाग, गायत्री साहू व कुसुम राठिया ने भी स्पर्धा में पूरी बीरता के साथ हिस्सा लिया। इन सभी खिलाड़ियों को केजी महाविद्यालय रायगढ़, खरसिया, बरमकेला, धरमजयगढ़, सारंगढ़, तमनार के सर्व प्राचार्य, क्रीड़ाधिकारियों, प्राध्यापकों तथा छात्रों ने बधाइयाँ दी है।